आकार IAS

Shaping Your Dreams

# भूगोल

## भाग-II

### (विश्व व भारत)

**प्रारंभिक परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण**










160/4, A B Road, Pipliya Rao, Near Vishnupuri I-Bus Stop, Indore (MP)
mail.: aakarias2014@gmail.com, web.: www.aakarias.com
Call.: 9713300123, 6262856797, 6262856798

# विषय सूची (CONTENTS)

## विश्व का प्रादेशिक भूगोल



| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 01 | विश्व के प्रमुख महाद्वीप एवं महासागर | 01 |
| 02 | विश्व के प्रमुख स्थलरूद्ध देश | 02 |
| 03 | विश्व की प्रमुख घाटियां | 02 |
| 04 | विश्व के प्रमुख द्वीप एवं प्रायद्वीप | 03 - 04 |
| 05 | विश्व के प्रमुख नदियों के किनारे स्थित शहर | 04 |
| 06 | विश्व की प्रमुख जलसंधियां | 05 - 06 |
| 07 | विश्व के महाद्वीप | 07 - 45 |
| | - एशिया महाद्वीप | 07 - 16 |
| | - अफ्रीका महाद्वीप | 17 - 22 |
| | - उत्तरी अमेरिका महाद्वीप | 23 - 29 |
| | - दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप | 30 - 34 |
| | - यूरोप महाद्वीप | 35 - 39 |
| | - ओशेनिया | 40 - 43 |
| | - अंटार्कटिका महाद्वीप | 44 - 45 |
| 08 | विश्व में परिवहन | 46 - 50 |
| 09 | मत्स्यन | 51 |
| 10 | विश्व की मानव प्रजातियां | 52 - 54 |


## भारत का भूगोल


| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 01 | भारत का सामान्य परिचय | 55 - 57 |
| 02 | भारत की भू-गर्भिक संरचना | 58 - 60 |
| 03 | भारत का भौगोलिक विभाजन | 61 - 77 |
| | - उत्तर का पर्वतीय प्रदेश | 62 - 64 |
| | - हिमालय का प्रादेशिक विभाजन एवं दर्रे | 65 - 66 |
| | - उत्तर भारत का विशाल मैदान | 67 |
| | - दक्षिण का पठार | 68 - 71 |

| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | – दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र | 72 – 73 |
| | – भारत के तटवर्ती मैदान एवं द्वीपीय भाग | 74 – 77 |
| 01 | भारत का सामान्य परिचय | 55 – 57 |
| 02 | भारत की भू–गर्भिक संरचना | 58 – 60 |
| 03 | भारत का भौगोलिक विभाजन | 61 – 77 |
| | – उत्तर का पर्वतीय प्रदेश | 62 – 64 |
| | – हिमालय का प्रादेशिक विभाजन एवं दर्रे | 65 – 66 |
| | – उत्तर भारत का विशाल मैदान | 67 |
| | – दक्षिण का पठार | 68 – 71 |
| | – दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र | 72 – 73 |
| | – भारत के तटवर्ती मैदान एवं द्वीपीय भाग | 74 – 77 |

# विश्व के महाद्वीप एवं महासागर




## ❑ क्षेत्रफल के आधार पर महाद्वीपों का क्रम एवं महत्वपूर्ण तथ्य

| महाद्वीप | उच्चतम बिंदु | निम्नतम बिंदु | सबसे लम्बी नदी | सबसे बड़ा देश |
|---|---|---|---|---|
| एशिया | एवरेस्ट पर्वत (तिब्बत/नेपाल) | मृत सागर (इजरायल-जार्डन) | यांगटिसीक्यांग | चीन |
| अफ्रीका | किलिमंजारो पर्वत (तंजानिया) | असाल झील (जिबूती) | नील | अल्जीरिया |
| उत्तरी अमेरिका | मैकिन्ले पर्वत (अलास्का) | मृत घाटी (कैलीफोर्निया) | मिसौरी | कनाडा |
| दक्षिण अमेरिका | एकांकागुआ पर्वत (अर्जेंटिना/चिली) | वाल्डेज प्रायद्वीप (अर्जेंटिना) | अमजेन | ब्राजील |
| अंटार्कटिका | विन्सन मैसिफ | अप्राप्य | - | |
| यूरोप | एल्ब्रूज पर्वत | कैस्पियन सागर (स्वतंत्र राज्यों का राष्ट्रकुल) | वोल्गा | रूस |
| ऑस्ट्रेलिया (ओसेनिया सहित) | वेल्हम पर्वत (पापुआ न्यू गिनी) कोस्युस्को पर्वत (न्यू साउथ वेल्स) | आयर झील (दक्षिण ऑस्ट्रेलिया) | मर्रे-डार्लिंग | ऑस्ट्रेलिया |

## विश्व के महासागर

| नाम | औसत गहराई (मीटर में) | गहरा स्थान (मीटर में) | क्षेत्रफल (वर्ग किमी में) |
|---|---|---|---|
| प्रशांत महासागर | 4,188 | मेरियाना गर्त (10916) | 1,66,240,000 |
| अटलांटिक महासागर | 3,376 | प्युटोरिको गर्त (9200) | 86,560,000 |
| हिन्द महासागर | 3,872 | सुण्डा गर्त (7450) | 73,430,000 |
| आर्कटिक महासागर | 1,260 | 5450 | 13,230,000 |
| आंटार्कटिक महासागर | अप्राप्य | अप्राप्य | अप्राप्य |

## स्थलरूद्ध देश

किसी देश का कोई भाग यदि सागर तट से न जुड़ा हो, अर्थात् – चारों ओर से अन्य देशों से घिरा हो, तो उसे स्थलरूद्ध देश कहते है। विश्व में 42 स्थलरूद्ध देश हैं। स्थलरूद्ध देशों में वेटिकन सिटी जैसे सूक्ष्म देश से लेकर मंगोलिया जैसे बड़े देश सम्मिलित हैं।

| महाद्वीप | देशों की संख्या | देशों की सूची |
|---|---|---|
| अफ्रीका | 15 | बुरुण्डी, बुर्कीना फासो, बोत्सवाना, मध्य अफ्रीका गणराज्य, चाड, रवाण्डा, इथोपिया, लेसोथो, मलावी, माली, नाइजर, स्वाजीलैण्ड, युगांडा, जाम्बिया एवं जिम्बाब्वे |
| यूरोप | 13 | ऑस्ट्रिया, बेलारूस, चेक गणराज्य, हंगरी, लिचेंस्टीन, लक्जम्बर्ग, मॉल्डोवा, मेसीडोनिया, सर्बिया, स्विट्जरलैण्ड, स्लोवाकिया, सानमरिनो एवं वेटिकन सिटी |
| एशिया | 12 | कजाकिस्तान (विश्व का सबसे बड़ा), अफगानिस्तान, भूटान, किर्गिस्तान, लाओस, मंगोलिया, नेपाल, तजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान एवं उज्बेकिस्तान, आरमेनिया, अजरबेजान |
| दक्षिण अमेरिका | 02 | बोलीविया एवं पराग्वे |

## विश्व की प्रमुख घाटियां

धरातल पर मैदानों, पठारों एवं पर्वतों के मध्य भू-गतियों, नदियों एवं हिमानी द्वारा निर्मित अवतलित स्थलों को घाटी की संज्ञा दी जाती हैं। विश्व की प्रमुख घाटियां निम्नलिखित हैं –

| घाटियां | अवस्थिति |
|---|---|
| कंगारू घाटी | न्यू साउथवेल्स (ऑस्ट्रेलिया) |
| शिकारी घाटी | न्यू साउथवेल्स (ऑस्ट्रेलिया) |
| ब्लैकवुड घाटी | न्यू साउथवेल्स (ऑस्ट्रेलिया) |
| बटरफ्लाई घाटी | हांगकांग (चीन) |
| हैप्पी घाटी | हांगकांग (चीन) |
| पंजशीर घाटी | अफगानिस्तान |
| राजाओं की | मिस्र |
| भूकम्प घाटी (मरुस्थलीय घाटी) | कैलिफोर्निया (संयुक्त राज्य अमेरिका) |
| महान अल्पेशियन घाटी (उत्तर पूर्वी अमेरिका) | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| प्लीजेंट घाटी | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| चुंबी घाटी | भारत, भूटान एवं चीन |

| घाटियां | अवस्थिति |
|---|---|
| महान भ्रंश घाटी | सीरिया, इस्राइल, जार्डन, लेबनान, मिस्र, सूडान, इरीट्रिया, इथिओपिया, सोमालिया, केन्या, साऊदी अरब, यमन, तंजानिया, रवांडा बुरंडी, मलावी, जांबिया एवं मोजांबिक |
| स्वात घाटी (आतंकवादी गतिविधियों के लिए चर्चित) | पाकिस्तान |
| **मृतक घाटी** (शैतान का गोल्फ कोर्ट) | कैलिफोर्निया (संयुक्त राज्य अमेरिका) |
| किंग घाटी (शराब उत्पादन हेतु प्रसिद्ध) | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| एब्रो घाटी | स्पेन |


# विश्व प्रमुख द्वीप एवं प्रायद्वीप

- **द्वीप**

स्थलखण्ड के ऐसे भाग, जिनके चारों ओर जल का विस्तार पाया जाता है, द्वीप कहलाते हैं। क्षेत्रफल के आधार पर विश्व के 04 सबसे बड़े द्वीप क्रमशः **ग्रीनलैण्ड, न्यू गिनी, बोर्नियो** एवं **मेडागास्कर** हैं। विश्व का सबसे बड़ा द्वीप समूह इंडोनेशिया द्वीप समूह है।

- **प्रायद्वीप**

स्थलखण्ड के ऐसे भाग, जो तीन ओर से समुद्र द्वारा घिरे रहते हैं तथा एक ओर से स्थलखण्ड से जुड़े रहते हैं, प्रायद्वीप कहलाते हैं। क्षेत्रफल के आधार पर विश्व का सबसे बड़ा प्रायद्वीप **अरब का प्रायद्वीप** (एशिया) है।




| द्वीप | स्थान |
|---|---|
| ग्रीनलैण्ड (डेनमार्क का अटूट हिस्सा, विश्व का सबसे बड़ा द्वीप) | अटलांटिक महासागर |
| न्यू गिनी (यह द्वीप दो भागों में बटा है, इसका पश्चिमी भाग इरियन जया 'इंडोनेशिया' और पूर्वी भाग पापुआ न्यू गिनी कहलाता है। पापुआ न्यू गिनी 1975 में स्वतंत्र हुआ था।) | प्रशान्त महासागर |
| बोर्नियो (इसका दक्षिणी भाग इंडोनेशिया का हिस्सा है और उत्तरी भाग ब्रूनेई एवं मलेशिया के 02 राज्यों 'साबा व सारावक' को मिलाकर बना है।) | प्रशान्त महासागर |
| मैडागास्कर (स्वतंत्र देश) | हिन्द महासागर |
| बैफिन (कनाडा का हिस्सा) | आर्कटिक महासागर |
| सुमात्रा (इंडोनेशिया का हिस्सा) | हिन्द महासागर |
| ग्रेट ब्रिटेन (इंग्लैण्ड, स्कॉटलैण्ड और वेल्स सहित) | अन्ध महासागर |
| होन्शु (जापान के मुख्य द्वीपों में से एक) | प्रशान्त महासागर |
| एलेस्मेरे (कनाडा का हिस्सा) | आर्कटिक महासागर |
| विक्टोरिया (उत्तर पश्चिमी प्रखण्ड, कनाडा) | आर्कटिक महासागर |

| द्वीप | स्थान |
|---|---|
| सुलावेसी या सेलीबीज (इंडोनेशिया का हिस्सा) | प्रशान्त महासागर |
| दक्षिणी द्वीप (न्यूजीलैण्ड का हिस्सा) | प्रशान्त महासागर |
| जावा (इंडोनेशिया का हिस्सा) | प्रशान्त महासागर |
| उत्तरी द्वीप (न्यूजीलैण्ड का हिस्सा) | प्रशान्त महासागर |
| क्यूबा (स्वतंत्र देश) | कैरिबियाई सागर |
| न्यूफाउण्डलैण्ड (कनाडा का हिस्सा) | अन्ध महासागर |
| लुजोन (फिलिपिन्स का एक प्रमुख द्वीप) | प्रशान्त महासागर |
| आईसलैण्ड | अन्ध महासागर |
| मिण्डनाओ (फिलिपिन्स का एक प्रमुख द्वीप) | प्रशान्त महासागर |
| आयरलैण्ड (क्षिणी भाग एक स्वतंत्र देश है; उत्तरी भाग यूनाइटेड किंगडम का हिस्सा है।) | अन्ध महासागर |
| हौकेडो (जापान का एक प्रमुख द्वीप) | प्रशान्त महासागर |
| श्रीलंका (स्वतंत्र देश) | हिन्द महासागर |
| तस्मानिया (ऑस्ट्रेलिया राज्य) | प्रशान्त महासागर |

## नदियों के किनारे स्थित शहर


| शहर | देश | नदी |
|---|---|---|
| **लंदन** | इंग्लैंड | टेम्स |
| कीव | यूक्रेन | नीपर |
| **बर्लिन** | जर्मनी | स्प्री |
| **मॉस्को** | रूस | मास्कवा |
| **वियना** | ऑस्ट्रिया | डेन्यूब |
| ग्वांग्झू | चीन | सीक्यांग |
| **बगदाद** | इराक | टिगरिस |
| **नॉम पेन्ह** | कंबोडिया | मेकॉन्ग |
| **काहिरा** | मिस्र | नील |
| **बैंकॉक** | थाईलैंड | चाओंफ्राया |
| **रोम** | इटली | टाइबर |
| पोर्टलैंड | यूएसए | कोलंबिया |
| **पेरिस** | फ्राँस | सीन |
| वैंकूवर | कनाडा | फ्रेजर |
| लाहौर | पाकिस्तान | रावी |
| **मॉण्ट्रियल** | कनाडा | सेंट लॉरेंस |
| **कराची** | पाकिस्तान | सिंधु |
| **ब्यूनस आयर्स** | अर्जेंटीना | पराना |

| शहर | देश | नदी |
|---|---|---|
| **बुडापेस्ट** | हंगरी | डेन्यूब |
| **असुनसियन** | पराग्वे | पराग्वे |
| **मैड्रिड** | स्पेन | मैंजियर |
| **मोगादिशु** | सोमालिया | शिबेलि |
| पर्थ | ऑस्ट्रेलिया | स्वान |
| **किंसासा** | कॉन्गो गणराज्य | कॉन्गो |
| **न्यूयॉर्क** | अमेरिका | हडसन |
| **खार्तूम** | सूडान | नील |
| **वाशिंगटन डी. सी.** | अमेरिका | पोटोमैक |
| मिलान | इटली | पो |
| **जुबा** | दक्षिण सूडान | श्वेत नील |
| बार्डिआक्स | फ्रांस | गैरोनी |
| नान्टेस | फ्रांस | लायरे |
| ली हार्वे | फ्रांस | सीन |
| सेविले | स्पेन | ग्वादलक्वीवर |
| ब्रेमेन | जर्मनी | वेजर |
| **हैम्बर्ग** | जर्मनी | एल्ब |
| वारसा | पोलैंड | विस्चुला |

# जलसंधियां

जलसंधियां दो भिन्न जलराशियों को जोड़ती है एवं दो स्थलखण्डों को अलग करती है। इनका व्यापारिक व सामरिक महत्व होता है, जैसे - जिब्राल्टर व मलक्का जलसंधियां। बेंरिग, जिब्राल्टर, बाब-एल-मांदेब, बास्पोरस व टॉरेस जैसी जलसंधियां महाद्वीपीय विभाजक है। **जिब्राल्टर** को **भू-मध्य सागर की कुंजी** भी कहा जाता है। सुंगारू व डोवर जैसी जलसंधियों से होकर स्थल भागों को जोड़ने वाला रेल सुरंग भी बिछाया गया है। **बेरिंग जलसंधि** से होकर **अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा गुजरती** है।

विश्व की प्रमुख जलसंधियां निम्नलिखित हैं -




| नाम | किनको जोड़ती है | किनको अलग करती है |
|---|---|---|
| **01.** बेरिंग जलसंधि | बेरिंग सागर एवं चूकसी सागर | अलास्का-रूस |
| **02.** हडसन जलसंधि | हडसन की खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर | कनाडा |
| **03.** डेविस जलसंधि | बैफिन खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर | ग्रीनलैण्ड-कनाडा |
| **04.** डेनमार्क जलसंधि | उ. अटलांटिक एवं आर्कटिक महासागर | ग्रीनलैण्ड-आइसलैण्ड |
| **05.** यूकाटन जलसंधि | मैक्सिको की खाड़ी एवं कैरीबियन सागर | मैक्सिको-क्यूबा |
| **06.** फ्लोरिडा जलसंधि | मैक्सिको की खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर | सं. रा. अमेरिका-क्यूबा |
| **07.** मैगेलन जलसंधि | प्रशांत एवं दक्षिण अटलांटिक महासागर | चिली |
| **08.** मोजाम्बिक चैनल | हिन्द महासागर | मोजाम्बिक-मेडागास्कर |
| **09.** बाब-एल-मंडेब जलसंधि (आंसुओं का हार) | लाल सागर-अदन की खाड़ी | यमन-जिबूती |
| **10.** जिब्राल्टर जलसंधि | भूमध्य सागर एवं अटलांटिक महासागर | स्पेन-मोरक्को |
| **11.** मेसिना जलसंधि | भूमध्यसागर | इटली-सिसली |
| **12.** ओट्रांटो जलसंधि | एड्रियाटिक सागर एवं आयोनियन सागर | इटली-अलबानिया |
| **13.** बास्पोरस जलसंधि | काला सागर एवं मरमरा सागर | तुर्की |
| **14.** डर्डेनलेज जलसंधि | मरमरा सागर एवं एजियन सागर | तुर्की |

| नाम | किनको जोड़ती है | किनको अलग करती है |
|---|---|---|
| 15. बोनी–फैसियो | भूमध्य सागर | कोर्सिका–सार्डीनिया |
| 16. नार्थ चैनल | आयरिश सागर एवं अटलांटिक महासागर | आयरलैण्ड–इंग्लैण्ड |
| 17. डोबर जलसंधि | इंग्लिश चैनल एवं उत्तरी सागर | इंग्लैण्ड–फ्रांस |
| 18. हॉरमुज जलसंधि | फारस की खाड़ी एवं ओमान की खाड़ी | ओमान–ईरान |
| 19. पाक जलसंधि | पाक खाड़ी एवं बंगाल की खाड़ी | भारत–श्रीलंका |
| 20. मलक्का जलसंधि | अंडमान सागर एवं दक्षिण चीन सागर | इंडोनेशिया–मलेशिया |
| 21. सुंडा जलसंधि | जावा सागर एवं हिन्द महासागर | इंडोनेशिया |
| 22. मकास्सार जलसंधि | जावा सागर एवं सेलीबीज सागर | इंडोनेशिया |
| 22. फार्मोसा जलसंधि (ताइवान) | द. चीन सागर – पू. चीन सागर | चीन–ताइवान |
| 24. सुंगारू जलसंधि | जापान सागर एवं प्रशांत महासागर | जापान (होकैडो–होंशू द्वीप) |
| 25. तार्तार जलसंधि | जापान सागर एवं ओखोटस्क सागर | रूस (पूर्वी रूस–सखालिन द्वीप) |
| 26. टॉरेस जलसंधि | अराफुरा सागर एवं पापुआ की खाड़ी | पापु आन्यूगिनी–ऑस्ट्रेलिया |
| 27. बास जलसंधि | तस्मान सागर एवं दक्षिण सागर | ऑस्ट्रेलिया–तस्मानिया |
| 28. कुक जलसंधि | दक्षिण प्रशांत महासागर | न्यूजीलैण्ड (उ. एवं द. द्वीप) |
| 29. फोवेक्स जलसंधि | दक्षिणी प्रशांत महासागर | न्यूजीलैण्ड (द. द्वीप–स्टीवर्ट द्वीप) |

## ❑ क्षेत्रफल में विश्व के सबसे बड़े देश

| देश | महाद्वीप |
|---|---|
| रूस | यूरोप तथा एशिया |
| कनाडा | उत्तरी अमेरिका |
| चीन | एशिया |
| USA | उत्तर अमेरिका |
| ब्राजील | दक्षिण अमेरिका |
| आस्ट्रेलिया | ओशेनिया |
| भारत | एशिया |

## ❑ क्षेत्रफल में विश्व के सबसे छोटे देश

| देश | अवस्थिति/महाद्वीप |
|---|---|
| वेटिकन सिटी | यूरोप |
| मोनाको | यूरोप |
| नौरू | दक्षिण प्रशांत महासागर |
| तुवालू | दक्षिण प्रशांत महासागर |
| सान–मैरिनो | यूरोप |
| लिचेंस्टीन | यूरोप |
| मार्शल द्वीप | मध्य प्रशांत महासागर |

## ❑ विश्व की सबसे बड़ी नदियां

| नदी | महाद्वीप |
|---|---|
| नील नदी | अफ्रीका |
| अमेजन नदी | दक्षिण अमेरिका |
| यांगत्सी नदी | एशिया |
| मिसिसिपी–मिसौरी नदी | उत्तर अमेरिका |

## ❑ विश्व की सबसे बड़ी झीलें

| नदी | महाद्वीप |
|---|---|
| कैस्पियन सागर | यूरेशिया |
| सुपीरियर | उत्तरी अमेरिका |
| विक्टोरिया | अफ्रीका |
| ह्यूरन | उत्तरी अमेरिका |
| मिशिगन | उत्तरी अमेरिका |
| टंगानिका | अफ्रीका |
| बेकाल | साइबेरिया–रूस |

## जनसंख्या के अधार पर महाद्वीपों का क्रम

एशिया > अफ्रीका > यूरोप > उत्तरी अमेरिका > दक्षिणी अमेरिका > ऑस्ट्रेलिया > अंटार्कटिका

# एशिया महाद्वीप

## ❐ परिचय

एशिया जनसंख्या एवं क्षेत्रफल के आधार पर विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है। इसका क्षेत्रफल 44,579,000 वर्ग किमी है, जो संसार के भू-भाग का 29.9 प्रतिशत है। एशिया को **सभ्यता का पालना** भी कहा जाता है। इस महाद्वीप को सभी धर्मों की आद्यभूमि की उपमा प्रदान की जाती है।


जनसंख्या की दृष्टि से विश्व के 02 सबसे बड़े देश चीन व भारत इसी महाद्वीप में स्थित हैं।

## ❐ अवस्थिति

यह महाद्वीप मुख्यरूप से उत्तरी गोलार्द्ध में अवस्थित है, जबकि इसके इंडोनेशियाई द्वीप समूह के कुछ द्वीप दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित हैं। इस महाद्वीप के उत्तर में आर्कटिक महासागर, पूर्व में प्रशांत महासागर, दक्षिण में हिन्द महासागर तथा पश्चिम में भू-मध्यसागर स्थित है।

- **विश्व का उच्चतम शिखर** – माऊंट एवरेस्ट
- **विश्व का निम्नतर स्थल** – मृत सागर
- **विश्व की सबसे बड़ी झील** – कैस्पियन सागर
- **विश्व की सबसे गहरी झील** – बैकाल झील
- **विश्व में सर्वाधिक वर्षा** – मॉसिनराम
- **विश्व में सबसे न्यूनतम तापमान** – वर्खोस्यांक
- **विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा** – सुन्दर वन डेल्टा
- **एशिया में सबसे अधिक तापमान** – जैकोबाबाद
- **एशिया का सबसे बड़ा द्वीप** – बोर्नियो
- **एशिया की सबसे लम्बी पर्वत शृंखला** – हिमालय पर्वत
- **एशिया की सबसे लम्बी नदी** – यांगत्सी

एशिया के **पश्चिम** में यूरोप, **दक्षिण-पश्चिम** में अफ्रीका तथा **पूर्व** में अमेरिका महाद्वीप स्थित है। यह **यूरोप महाद्वीप** से यूरॉल पर्वत माला, कैस्पियन सागर, काला सागर, काकेशस पर्वत एवं डारडेनेल्स जलसंधि द्वारा, **अफ्रीका** से लाल सागर एवं स्वेज जलडमरूमध्य द्वारा तथा **उत्तर अमेरिका** से बेरिंग जलसंधि द्वारा अलग होता है।



- भौगोलिक अध्ययन की दृष्टि से एशिया महाद्वीप को निम्नलिखित प्रदेशों में विभाजित किया जाता है –

1) **दक्षिणी-पश्चिमी एशिया** – इस प्रदेश में बहरीन, साइप्रस, ईराक, ईरान, इजराइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कत्तर, सऊदी अरब, यमन तथा तुर्की देश सम्मिलित हैं। **तुर्की** तथा **रूस** एशिया एवं यूरोप दोनों महाद्वीपों में स्थित है।
2) **दक्षिणी एशिया** – इस प्रदेश में बांग्लादेश, भूटान, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल तथा अफगानिस्तान देश सम्मिलित हैं।
3) **दक्षिण-पूर्वी एशिया** – इस प्रदेश में ब्रूनेई, म्यांमार, कम्बोडिया, लाओस, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाइलैण्ड तथा वियतनाम देश सम्मिलित हैं।
4) **पूर्वी एशिया** – इस प्रदेश में चीन, जापान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया तथा ताइवान देश सम्मिलित हैं।
5) **मध्य एशिया** – इस प्रदेश में कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान तथा उज्बेकिस्तान देश सम्मिलित हैं।
6) **साइबेरिया** – इस प्रदेश में रूस के एशियाई भाग को क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है। रूस एशिया एवं यूरोप दोनों महाद्वीपों में स्थित है। रूस के एशियाई भाग को **साइबेरिया** कहते हैं।

### रेखाएं

एशिया महाद्वीप से **विषुवत रेखा**, **कर्क रेखा** तथा **आर्कटिक वृत्त** गुजरते हैं, जिन पर स्थित देश निम्नलिखित हैं –

- **पश्चिम से पूर्व क्रम में स्थित देश**

1) **कर्क रेखा पर** – साऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, चीन एवं ताईवान।
2) **विषुवत् रेखा पर** – मालद्वीप एवं इंडोनेशिया (सुमात्रा, बोर्नियो, सेलिबीज एवं हल्माहेरा द्वीप)।
3) **आर्कटिक वृत्त** – साइबेरिया

## ❐ पर्वत श्रेणियां

1) **हिमालय पर्वत श्रेणी** – गंगा व सिन्धु के मैदान के उत्तर में स्थित यह पर्वत श्रेणी एक **नवीन वलित पर्वत** का उदाहरण है, जिसका सर्वोच्च शिखर **माउंट एवरेस्ट** है, जो नेपाल एवं तिब्बत की सीमा पर स्थित है। यह **एशिया** एवं **विश्व की सर्वोच्च चोटी** भी है। माउंट एवरेस्ट को नेपाल में सागरमाथा के नाम से जाना जाता है।
2) **अराकानयोमा पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी म्यांमार के पश्चिमी भाग में उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर विस्तृत है। यह पर्वत श्रेणी **भारत एवं म्यांमार की प्राकृतिक सीमा** बनाती है।
3) **काराकोरम पर्वत श्रेणी** – यह श्रेणी हिमालय के उत्तर में स्थित है, जिसका सर्वोच्च शिखर **गॉडविन ऑस्टिन** (K2) है।
4) **कैलाश पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी काराकोरम पर्वत श्रेणी के पूर्व में तिब्बत में स्थित है।
5) **तियानशान पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत तारीम बेसिन के उत्तर में स्थित है। इस पर्वत का विस्तार **चीन**, **कजाकिस्तान** एवं **किर्गिस्तान** देशों में है।
6) **क्युनलुनशान पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी तिब्बत के पठार के उत्तर में चीन देश में स्थित है।
7) **अल्टाई पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी तियानशान पर्वत श्रेणी के उत्तर में स्थित है। इस पर्वत का विस्तार **रूस**, **चीन**, **मंगोलिया** तथा **कजाकिस्तान** देशों में है।
8) **सयान पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत मंगोलिया तथा रूस में स्थित है।
9) **ग्रेट खिंगन पर्वत श्रेणी** – तियानशान पर्वत श्रेणी उत्तर-पूर्व दिशा में चलते हुए आमूर नदी के समीप जाकर ग्रेट खिंगन पर्वत श्रेणी के नाम से जानी जाती है।
10) **याब्लानोवी पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी पूर्वी साइबेरियन क्षेत्र में अल्टाई पर्वत श्रेणी के उत्तर-पूर्व में स्थित है।
11) **बर्खोयांस्क पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी लीना नदी के पूर्व में पूर्वी साइबेरियन क्षेत्र में स्थित है। यह पर्वत श्रेणी केन्द्रीय साइबेरियन पठार को पूर्वी साइबेरियन क्षेत्र से अलग करती है।
12) **स्टेनोवॉय पर्वत श्रेणी** – यह पर्वत श्रेणी पूर्वी साइबेरियन प्रदेश में विस्तृत है। इसका सर्वोच्च शिखर **स्टालिन** है, जो रूस का सर्वोच्च शिखर है।